**बीपीसीसी 132**

**स्नातक उपाधि कार्यक्रम (जनरल) (बीएजी)**
**बहुविषयक स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बीएएम)**

**सत्रीय कार्य**
**जुलाई 2025 एवं जनवरी 2026 सत्रों के लिए**

**पाठ्यक्रम कोड : बीपीसीसी 132**
**पाठ्यक्रम शीर्षक : सामाजिक मनोविज्ञानः एक परिचय**

मनोविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

**सत्रीय कार्य**
**2025.2026**

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है कि इग्नू मनोविज्ञान के कोर पाठ्यक्रम में मूल्यांकन तीन भागों में है। इस पाठ्यक्रम में मूल्यांकन, इस प्रकार से है,: पद्ध सत्रीय कार्य द्वारा सतत् मूल्यांकन, पपद्ध ट्यूटोरियल और पपप) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 20 प्रतिशत, ट्यूटोरियल के लिए 10 प्रतिशत तथा सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

**बीपीसीसी 132,** 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट सिद्धांत . 2 क्रेडिट ट्यूटोरियल) का पाठ्यक्रम है। आपको **बीपीसीसी 132** के 4 क्रेडिट के लिए **सत्रीय कार्य** करने होंगे। 2 क्रेडिट की ट्यूटोरियल संबंधित गतिविधि सत्रीय कार्य के भाग ख में सम्मिलित की गई है। यह गतिविधि 2 क्रेडिट की है।

**भाग क**

**सत्रीय कार्य–1** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, सुसंगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य.2** में लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**भाग ख** शिक्षक घटक है जिसमें अध्ययनकर्त्ता की विशेष क्रिया–कलापों जैसा कि बताया गया है, को पूरा करना होता है।

**सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय कार्य प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2025 एवं जनवरी 2026 | विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.ignou.ac.in) पर सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि देखिए। | पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करें। |

| | | |
|---|---|---|
| | | |

आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर जमा करने होंगे, जिससे आप सत्रांत परीक्षा दे सके।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। पूर्ण किये हुए सत्रीय कार्य आपको प्रेषित किये गये अध्ययन केन्द्र के संचालक को ही भेजने होंगे।

**सत्रीय कार्य लिखने से पहले नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अनुकरण करें:**

1. आपके लिए नीचे दिए गये तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करना उपयोगी साबित होगा।

   **क)** **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

   **ख)** **संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

   **ग)** **प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

2. अपने उत्तर लिखने के लिए ।4 साइज पेपर का प्रयोग करें और सभी पेजों को ध्यानपूर्वक टैग करें। बायीं ओर 4 सेमी का हाशिया और दो उत्तरों के बीच कुछ जगह छोड़े। उपयुक्त जगहों पर छोड़े गये हाशिया में उपयुक्त टिप्पणी करने में शैक्षणिक परामर्शदाता को सुविधा होगी।

3. ***उत्तर आपकी स्वयं की लिखावट में होनी चाहिए।*** अपने उत्तरों को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये अध्ययन सामग्री से अपने उत्तर की नकल न करें। अगर आप अध्ययन सामग्री से नकल करते हैं तो आपको शून्य अंक मिलेंगे।

4. आपको सत्रीय कार्य की एक प्रति पूर्ण किये सत्रीय कार्य के साथ इसे जमा करने से पहले संलग्न करनी होगी।

5. अगर आपने अध्ययन केन्द्र परिवर्तित के लिए निवेदन किया हुआ है, तो आपको सत्रीय कार्य, मूल अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना चाहिए जब तक कि आपको विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्र के बदलने की सूचना ना मिल जाये।

6. अगर आपको अपने सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के पश्चात् कोई वास्तविक त्रुटि मिलती है जैसे सत्रीय कार्य का कोई हिस्सा का मूल्यांकन नहीं हुआ हो या कुल अंक जो संत्रीय कार्य पर गलत अंकित है, आदि। ऐसी त्रुटियों के सुधार के लिए और मुख्यालय में सही अंको को भेजने के लिए, अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक से संपर्क करें।

शुभकामनाओं के साथए

**मनोविज्ञाान संकाय**
**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,**
**इग्नू, नई दिल्ली**

**बीपीसीसो 132 : सामाजिक मनोविज्ञानः एक परिचय**
**अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य**

**पाठ्यक्रम कोडः BPCC-132**
**सत्रीय कार्य कोड : बीपीसीसो 132 /TMA/ जुलाई, 2025 . जनवरी, 2026**
**अधिकतम अंकः 100**

**नोटः 1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
**2) सत्रीय कार्य अधिकतम 70 अंक का है। ट्यूटोरियल अधिकतम 30 अंक का है।**
**3) सत्रीय कार्य एवं ट्यूटोरियल अलग से जमा किए जाएंगे।**

## भाग क

## सत्रीय कार्य . I

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक है। 2ग20=40

1. एट्रिब्यूशन को परिभाषित करें और एट्रिब्यूशन के सिद्धांतों पर चर्चा करें।

2. रूढ़िवादिता पूर्वाग्रह और भेदभाव को दृष्टिकोण के घटकों के रूप में समझाइए तथा रूढ़िवादिता पूर्वाग्रह और भेदभाव को कम करने की तकनीकों का वर्णन कीजिए।

## सत्रीय कार्य - II

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक है। 6ग5=30

3. भारत में सामाजिक मनोविज्ञान पर चर्चा करें।

4. सामाजिक मनोविज्ञान के संदर्भ में अधिगम सिद्धांतों का वर्णन करें।

5. सामाजिक संज्ञान में त्रुटियों के स्रोतों पर चर्चा करें।

6. केली Kelley (1967, 1973) द्वारा सहप्रसरण मॉडल का वर्णन करें।

7. पांच चरण मॉडल की सहायता से दर्शक प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

8. एनकल्चरेशन और एक्ल्चरेशन के बीच अंतर बताइए।

**भाग ख**
**ट्यूटोरियल**
**(ट्यूटोरियल अध्ययन केन्द्र पर अलग से जमा किया जाएगा)**

**पाठ्यक्रम कोडः BPCC-132**
**ट्यूटोरियल कोड : ट्यूटोरियल जुलाई, 2025 . जनवरी, 2026**
**अधिकतम अंकः 30**

नोटः निम्नलिखित निर्देशों के अनुसार गतिविधियों को पूरा कीजिए। कृपया गतिविधियों को सुसंगत एवं संगठित तरीके से करने का प्रयास करें। आप इस गतिविधि के लिए प्रासंगिक ऑफलाइन या ऑनलाइन संसाधनों का संदर्भ ले सकते है।

सवालः काम के लिए दूसरे शहर में जाने पर लोगों को किन सांस्कृतिक अंतरों का सामना करना पड़ता है और वे कैसे समायोजित होते हैं? इसका विश्लेषण करने के लिए एक साक्षात्कार कार्यक्रम तैयार करें। निम्नलिखित दो समूहों पर साक्षात्कार सर्वेक्षण के माध्यम से अपने उत्तर एकत्र करें:

1. पुरुष (आयु सीमा: 20-35 वर्ष)

2. महिला (आयु सीमा: 20-35 वर्ष)

प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर, आपको निम्नलिखित प्रारूप में गतिविधि लिखना हैः

1. आप विषय (जो दिया गया है) के संक्षिप्त परिचय के साथ एक हस्तलिखित फाइल (।4 शीट की) तैयार करेंगे और प्रतिभागियों के साक्षात्कार की प्रतिक्रियाओं और उस से प्राप्त रुझानों पर चर्चा करेंगे। आपको तथ्यों के आधार पर सर्वेक्षण का निष्कर्ष निकालना है।

2. आपको भरी हुई प्रश्नावली (कच्चा डेटा) को भी फाइल में संलग्न करना होगा

3. चयनित विषय के आधार पर, आपको साक्षात्कार के लिए कम से कम 10–15 प्रश्न तैयार करने होंगे।

4. न्यूनतम 20 प्रतिभागियों (प्रत्येक आयु वर्ग में से 10 प्रतिभागी) का एक नमूना चयन करने की आवश्यकता है। डेटा एकत्रीकरण फोन सर्वेक्षण/डिजिटल सर्वेक्षण/आमने–सामने मोड के माध्यम से किया जा सकता है (सुविधानुसार)।

5. फाइल/नोटबुक में निम्नलिखित उपखंड शामिल होंगेः

क) **परिचय** (लगभग 200 शब्दों में)

ख) **कार्यप्रणाली** (जिसमें नमूने के आकार का विवरण और डेटा संग्रह की विधि लगभग 150 शब्दों में शामिल होगी।)

ग) **जाँच–परिणाम** (लगभग 200 शब्दों में)

घ) **निष्कर्ष एवं सुझाव** (लगभग 150 शब्दों में)।